भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 884

जिसका उत्तर 14.12.2022 को दिया जाना है

सड़क सुरक्षा के उपाय

884. श्री आर. गिरिराजन:

श्री एम. मोहम्मद अब्दुल्ला:

श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य पर ध्यान दिया है कि देश में प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाओं में 350-400 लोगों की जान चली जाती है; और

(ख) सड़क हादसों को कम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-संचालित समाधानों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा की गई/प्रस्तावित पहल का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां।

(ख) सड़क हादसों को कम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सहित तकनीकी समाधानों का पता लगाने के लिए सरकार द्वारा की गई पहलें इस प्रकार हैं: -

i. मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना डेटाबेस (ई-डीएआर) एप्लिकेशन सड़क दुर्घटना डेटा की रिपोर्टिंग, प्रबंधन, विश्लेषण के लिए एक केंद्रीय भंडार शुरू किया है और देश भर में सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए समय पर हस्तक्षेप करता रहता है।

ii. मंत्रालय ने इंटेलीजेंट और सुरक्षित परिवहन प्रणाली बनाने, डेटा-संचालित सड़क सुरक्षा पहलों की योजना बनाने, सड़क सुरक्षा में मानव कारक अनुसंधान करने और हितधारकों के साथ जानकारी साझा करने के मूल उद्देश्य के साथ आईआईटी मद्रास में सड़क सुरक्षा के लिए उत्कृष्टता केंद्र को मंजूरी दी है।

iii. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के तहत भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी (आईएएचई) ने न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया के साथ क्षमता निर्माण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और उन्नत परिवहन प्रौद्योगिकी और सिस्टम (सीएटीटीएस) केंद्र की स्थापना के लिए सक्षम माहौल बनाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

*****